
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अगस्त 2024

10 संस्कृत सबसे प्राचीन और सभी भाषाओं की जननी है



08 छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों में तीन आधे बाकी लबालब...





# त्योहारी सीजन शुरू होते ही रेल व बस में यात्रियों की भीड़ बढ़ी

## हलषष्ठी, जन्माष्टमी, पोला व तीजा में लोगों का घर जाने का सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में रक्षाबंधन पर्व के बाद त्यौहारी सीजन शुरू हो चुका है। हलषष्ठी के साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी उसके बाद पोला और फिर तीजा का पर्व आगामी दिनों में है। त्यौहार या पर्व के चलते यात्री बसों व ट्रेनों में भीड़ अत्यधिक बढ़ गई है।

■ जगह पाने जान जोखिम में डाल रहे लोग

गुरुवार को जिले के सिकोसा रेलवे स्टेशन में कई यात्री टिकट लेने के बाद भी ट्रेन में चढ़ नहीं पाए। दरअसल इसका मुख्य कारण ट्रेन में खचाखच भीड़ होना है। ट्रेन में भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के गेट पर ही बैठकर सफर करते दिखे। यात्रियों की इस लापरवाही से उनकी जान भी जा सकती है। उसके बाद भी यात्री लापरवाही बरत रहें हैं।

इसके पीछे उन्हें अपने गंतव्य तक समय रहते पहुंचना भी है। जिसके कारण वे जान जोखिम में डालकर सफर कर रहें हैं। ट्रेन में इस तरह की सफर करने से सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। आने वाले दिनों में त्यौहार के मद्देनजर ट्रेन में इससे भी ज्यादा भीड़ रहेगी। ऐसे में इस तरह की भीड़ कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।



### लाभ उठाने कंडम बसें सड़कों पर आ रही नजर

तीजा और पोला का त्यौहार नजदीक है। ऐसे में यात्री बसों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ऐसी बसें जो सड़कों पर चलने योग्य नहीं है, उन्हें भी मरम्मत करके सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। बसों में यात्रियों के बैठने की सीट भी काफी खराब हो चुकी है। कंडम बसों में दरार आ चुकी है। कई तरह की जुगाड़ लगाकर बस को सड़क पर चलाया जा रहा है। कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। यात्रियों की जानमाल को देखते हुए जिम्मेदारों को बसों की जांच करनी चाहिए। कंडम बसों को चलने से बंद करना चाहिए।



समस्या

# एक घंटे की बारिश के बाद दो घंटे शहर डूबा रहा अंधेरे में


देर रात विद्युत विभाग ने मशक्कत के बाद बिजली की बहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरुवार को दिनभर तेज धूप के बाद शाम होते ही उमस भरी गर्मी उसके बाद करीब एक घंटा तक बारिश हुई। लगभग एक सप्ताह बाद एक घंटे की बारिश के बाद दो घंटे तक शहर में बिजली बंद रही। बिजली बंद की शिकायत के बाद देर रात विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बिजली पोल व 11 केव्ही लाइन में आई समस्या के बाद वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति बहाल किया। शुक्रवार को सुबह बालद छाए रहने के बाद दोपहर होते ही तेज धूप का सामना करना पड़ा। मौसम में लगातार परिवर्तन होने से लोगों के स्वास्थ्य बिगड़ रहा है जिसके कारण लोग मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं।



**शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक में झमाझम बारिश:** शुक्रवार को दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद दोपहर करीब 3:30 बजे से झमाझम बारिश हुई। गरज चमक के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। जिला मुख्यालय में तेज बारिश की वजह से सड़कों पर वाहनों के पहिये थम गए। जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अच्छी बारिश हुई। जिससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। वहीं किसानों के चेहरे में भी खुशी दिखी।

### सुरक्षा के अभाव में कर्मचारी कर रहें कार्य

गुरुवार की देर रात बिजली कर्मचारी जो ठेकेदारों के अधीनस्थ कार्य करते हैं वे सुरक्षा के अभाव में और जुगाड़ करके विद्युत आपूर्ति बहाल करते हैं। बिजली पोल में कई फीट ऊपर चढ़ने के लिए जिस सीढ़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह काफी पुरानी और खराब होने की स्थिति में है, जो कभी भी टूट सकती है। इससे कर्मचारियों के जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बिजली पोल में चढ़ने बारिश के बीच सुरक्षा के अभाव में अपने दायित्व को निभाते नजर आए।

# फर्जी बिल व हस्ताक्षर से आहरित की राजीव युवा मितान क्लब की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत बोदल में राजीव युवा मितान क्लब के पैसे को फर्जी बिल एवं फर्जी हस्ताक्षर कर आहरण करने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने मिलकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को ज्ञापन सौंपकर की।

■ मामले के खुलासे पर मच्ची खलबली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बता दें कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के हर गांवों में राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया था, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष सरकार द्वारा क्लब के खाते में एक लाख की राशि भेजी जाती थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद सत्ता परिवर्तन होते ही वर्तमान सरकार द्वारा इस क्लब को पूरी तरह भंग कर दिया गया, लेकिन भेजे गए पैसे को क्लब के सदस्य द्वारा फर्जी तरीके से बिल बनाकर एवं हस्ताक्षर करके निकाल लिया गया।

शिकायत में बताया गया की युवा मितान क्लब बोदल के सचिव रहे चिंत्रकांत साहू ने गलत तरीके से अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर कर 75 हजार रुपए निकालकर राशि गबन किया गया और इनकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्यों को नहीं थी, जब क्लब के सदस्यों को फर्जी राशि निकालने की जानकारी हुई तो इन लोगों ने शिकायत उच्च अधिकारियों से की। सदस्यों के शिकायत पत्र के मुताबिक राशि निकालने की जानकारी किसी भी सदस्य को नहीं है, इसलिए सदस्यों द्वारा निष्पक्ष जांचकर आरोपी के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिले में नेशनल लोक अदालत अगले माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इस वर्ष भी जिले में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 21 सितंबर को आयोजित किया जाना है। इसी अनुक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्याम लाल नवरत्न के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही एवं दल्लीराजहरा तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रीमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटंवारा, दंड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के ▶▶| शेष पेज 09 पर

■ आपसी राजीनामा के आधार पर कई प्रकरणों का होगा निराकरण

# लाखों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनिला भेंडिया ने अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के लिए 65 लाख रुपए के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर विकास कार्यों की सौगात दी।

विधायक के दौरे का शुभारंभ ग्राम पंचायत पिंगाल में डोम शेड, ग्राम पंचायत जाटादाह एवं ग्राम पंचायत गैजी व नलपानी में सीसी रोड, भिंदो में कलामंच का भूमिपूजन से हुई। भूमिपूजन के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत जरूरतों एवं क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए हर समस्याओं के संघर्ष के साथ सदैव आपके साथ रहूंगी। आप सभी के विश्वास में खरा उतरने की कोशिश करूंगी। आप लोगों के स्नेह प्यार से तीसरी बार सेवा करने का मौका मिला, इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी। इस अवसर पर अनिल लोढा प्रदेश प्रतिनिधि, गोविन्द चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, गोपाल प्रजापति, मेघनाथ साहू, सरोज पटेल, माधव गिरि गोस्वामी, श्रीमती वेदकुंवर नेताम, श्रीमती सोनारिन बाई सरपंच, चेतन राना, श्रीमती तेजस्वीनी दुग्गा, सरपंच श्रीमती सावित्री जननायक सरपंच, श्रीमति योगेश्वरी कोमरे सरपंच, कल्याण गिरी गोस्वामी, राजा राम तारम, ताजीराम, मिलाप राम निषाद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ विधायक अनिला ने दी सौगात 65 लाख से होंगे काम

## जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक कल

**बालोद।** जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक 25 अगस्त रविवार को दोपहर 1 बजे गंगा मैय्या मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। संघ के संरक्षक छगन देशमुख, अध्यक्ष तेजराम साहू ने बैठक में जिले एवं ब्लॉक के समस्त गन्ना किसानों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## वीर मेला आयोजन समिति राजा राव पठार का चुनाव आज

**गुरूर।** वीर मेला आयोजन समिति राजा राव पठार के नवीन पदाधिकारी का चुनाव 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि सहित विभिन्न पदों पर रूढ़िजन्य परंपरा से मनोनयन किया जाएगा। उक्त चुनाव 3 वर्ष के लिए होगा।

## व्रती हल से जुती हुई अनाज सब्जियों का सेवन नहीं करतीं

# संतान की दीर्घायु के लिए आज महिलाएं रखेंगी हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम के जन्मोत्सव हलषष्ठी व्रत के रूप में मनाया जाता है। बलराम का मुख्य शस्त्र हल और मूसल होने के कारण ही इसे हलषष्ठी व हरछठ भी कहा जाता है।

■ तालाब बनाकर करेंगी व्रती महिलाएं पूजा

पं. महेंद्र पांडेय ने बताया कि पुत्रवती महिलाएं ही यह व्रत रखती हैं। संतान की लंबी उम्र की कामना के व्रत हलषष्ठी में आस्था का संचार होता है। माताएं व्रत पूजन के साथ ही अपनी संतान की दीर्घायु की कामना करती हैं। इस दौरान कठोर व्रत नियम के पालन के साथ ही माताएं अपनी संतान की मंगल कामना के लिए पूजन करती हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन किसान वर्ग खासतौर पर पूजा करते हैं। इस दिन हल, मूसल और बैल की पूजा की जाती है। व्रती हल से जुती हुई अनाज सब्जियों व का सेवन नहीं करतीं। साथ ही कृषक इस दिवस अपनी खेतों में हल भी नहीं चलाते हैं।



### पूजा में चढ़ाएं ये सामग्रियां

पूजा में सतनाजा जैसे चना, जौ, गेहूं, धान, अरहर, मक्का तथा मूंग चढ़ाने के बाद धूल, हरी कजरियां, होली की राख, होली पर मुने हुए चने के होरहा तथा जौ की बालें चढ़ाएं। बिना हल लगे अन्न और भैंस के दूध का सेवन कर व्रती व्रत तोड़ें। हलषष्ठी के पास ही कोई आभूषण तथा हल्दी से रंगा कपड़ा भी रखें। पूजन करने के बाद भैंस के दूध से बने मक्खन द्वारा हवन करें। इसमें गाय के दूध व दही इस्तेमाल वर्जित हैं। पूजा के बाद हलषष्ठी की कथा कहें व सुनें।

### ऐसे करें पूजा-पाठ

इस दिन सुबह ब्रहम मुहूर्त में उठ कर स्नानादि से निवृत्त होना चाहिए। इसके बाद साफ-सुथरे वस्त्र धारण कर गोबर से धरती को लीपकर एक छोटा-सा तालाब बनाएं। इसमें झरबेरी, ताश तथा पलाश की एक-एक शाखा बांधकर बनाई गई 'हरछठ' को गाड़ दें। कच्चे जनेउ का सूत हरछठ को पहनाने के बाद पूजा करें।

## बीएसपी का खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 24 अगस्त को भिलाई निवास में संचालित शालाओं के विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता करेंगे। समारोह में ओपन राष्ट्रीय पदक विजेता, राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ी और राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों सहित कुल 67 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण का विरोध, सीएम के नाम एसपी को सौंपा ज्ञापन

**गुरूर।** शाला प्रबंधन समिति व ग्राम पंचायत कनेरी ने 2 अगस्त के युक्तियुक्तकरण आदेश के अनुसार शालाओं के समायोजन का संशोधित निर्देश जारी करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि छ.ग के शालाओं एवं शिक्षकों के समायोजन के लिए 2 अगस्त को जारी आदेश अनुसार एक ही परिसर में माध्यमिक शाया एवं हायर सेकण्डरी संचालित शाला को एक में समायोजित करने की निर्देश जारी हुआ है, जिसमें माध्यमिक शाला स्वतंत्र एवं अनुकुल अध्यापन एवं बच्चो के अनुसार गतिविधि आयोजन में कठिनाई होगी। जिसे बच्चों के सीखने के वातावरण निर्माण मे विपरीत प्रभाव पड़ेगा, इसलिए छात्रहित, सीखने के अनुकुल वातावरण के निर्माण हेतु युक्तियुक्तकरण में दो शालाओं को समायोन न किया जाए, संशोधित निर्देश जारी करने की कृपा करें।

### सदाफल देव महराज की जयंती आज और कल

**गुरूर।** ग्राम बोडरा धनेली में की 137वीं जन्म जयंती का आयोजन 24 से 25 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। इसमें 24 अगस्त को दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण लाल साहू होंगे। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य पूर्व पेशनर समाज अध्यक्ष नेमसिंह साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य तेजस्वी, वक्ता स्वरवेदी रायपुर आश्रम सत्येन्द्र कुमार, पूर्व तहसीलदार एलएम साहू उपस्थित रहेंगे। 25 अगस्त को समापन कार्यक्रम मे विश्व शांति वैदिक महायज्ञ 5 कुंण्लीय 1 बजे से एवं आगत संतो के द्वारा प्रवचन मे उपदेष्ठा रैनी देहारी, कुंती बाई, सेवती बाई उपस्थित रहेंगी। आयोजक में घनश्याम साहू, लोमश कुमार साहू, कृष्णा बघेल, कुमार सिंह पीताम्बर साहू, जिला संयोजक मुकेश साहू उपस्थित रहेंगे।

### जनसमस्या निवारण शिविर 27 को

**डौंडी।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 27 अगस्त को ग्राम पंचायत कुवागोंदी में आयोजित होगा।जनपद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा । उक्त जानकारी डीडी मंडलें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडी ने दी।

### आत्मानंद के छात्रों ने मनाया अंतरिक्ष दिवस

**लाटाबोड़।** मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के उपलक्ष्य में देश में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा निबंध, भाषण व अभिनय के माध्यम से मिशन चंद्रयान 3 की सफलता, महत्व व अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के गौरवशाली इतिहास को बहुत ही रोचकता के साथ प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सी एल सिन्हा सहित शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे ।

### महेश्वरी समाज ने मनाई कजली तीज

**जामगांवआर।** नगर महेश्वरी समाज जामगांव आर द्वारा कजली तीज मनायी गई। इस पर्व पर दो नव युगल ने भरपूर आनंद लिया। सूरत से कवर सा पवन राठी ने बिटिया पूजा को और राजनांदगांव से आए कवर सा उज्वल चितलानगिया ने बिटिया प्राची को सुंदर राठी उपवचन में जमकर झूला झुलाये। महेश्वरी समाज वरिष्ठजनों ने पूजा अर्चना किए और नव दंपती युगल को आशीर्वाद प्रदान किए। पूजा ने बताया सतत वर्षा के कारण रात्रि 11 बजे चांद का दर्शन हुआ।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने लिया राजधानी के अस्पतालों का जायजा

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह राजधानी रायपुर के कई अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने सबसे पहले मेडिकल कालेज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहां मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इसके बाद रायपुर पंडरी जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर यहां भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर अन्य आवश्यक सुधार के लिए सीएमएचओ को आवश्यक निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने इस दौरान मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल पुलिस लाइन टिकरापारा का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए कहा।

### स्मार्ट सिटी में जीएम पीआर के पद पर होगी नियुक्ति, 9 तक आवेदन

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने महाप्रबंधक जनसंपर्क के पद के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर रखी गई है। यह संविदा आधारित नियुक्ति होगी। इसमें 90 हजार रुपए तक वेतन देय होगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयुसीमा सहित अन्य नियम व शर्तों से संबंधित जानकारियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

### जांच के लिए आप ने बनाई 6 सदस्यीय समिति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू



ने कहा, बीजेपी सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया है। छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में हर जगह अशांति और डर का माहौल बना हुआ है। जनता असुरक्षा और भय के माहौल में जीने को विवश है, पूरे प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, मात्र पिछले आठ माह में गृहमंत्री के गृहजिले कबीरधाम में अन्य जिलों की तुलना में हत्या सहित अन्य अपराध सबसे अधिक हुए हैं। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारी मां, बहन, बेटियां तक सुरक्षित नहीं हैं।

### गतका नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीम पंजाब रवाना



**रायपुर।** 8वीं गतका नेशनल चैंपियनशिप पंजाब संगरूर में 24 से 27 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है, जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ की चयनित गतका टीम संपर्क क्रांति ट्रेन से रवाना हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका संघ की अध्यक्ष सिमरन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम का सिलेक्शन ट्रायल एंड चैंपियनशिप जो कि छत्तीसगढ़ में विगत दिनों हुआ था, उसमें चयन प्रक्रिया के दौरान 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 8वीं नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। इस नेशनल गेम्स के दौरान क्वालीफाई खिलाड़ी नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई करेंगी, जैसे कि पहले भी असम में नेशनल किए गए थे, उस दौरान भी छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई किए थे। इस बार भी पूरी उम्मीद है कि खेलो इंडिया और नेशनल गेम के लिए चयनित हो जाएंगी। छत्तीसगढ़ से प्रमुख रूप से सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी राजवीर सिंह, कृष्णा सिंह, हंसिका कौर, गुरमेहर कौर, सिमर कौर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

# अहाता से कमाई कम हुई तो नए बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू, 4 आवेदन आ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में ठेके पर गए अहाता के लगातार बंद होने से आबकारी विभाग की राजस्व कमाई भी कम हो गई है। ऐसे में विभाग ने अब इसकी भरपाई करने के लिए नये बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत अब तक 4 आवेदन भी आ चुके हैं। जिले में वैसे करीब 70 बार पहले से संचालित हैं। इन बारों से हर साल लगभग 16 करोड़ रुपए की राजस्व आय भी होती है। नये बार के खुलने से कमाई और बढ़ने की संभावना है। आबकारी की नई नीति के तहत रायपुर जिले में शराब दुकानों से लगी खाली जगहों पर अहाता खोलने की योजना लाई गई है। इसके तहत जिलेभर में 56 शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए टेंडर भी निकाला गया था, जिसके बाद ऊंची बोली के अनुसार इन अहातों को ठेके पर भी दिया गया। इससे विभाग को जमकर कमाई भी हो रही थी, क्योंकि सभी अहाता तय बोली से दो से तीन गुना अधिक राशि पर गए थे। हालांकि एक महीने के बाद ही ठेकेदारों ने अहाता चलाने से पीछे हटने लगे और धीरे-धीरे 21 ठेकेदारों ने अहाता सरेंडर कर दिए। इससे विभाग को राजस्व के रूप में होने वाली कमाई भी बंद हो गई। यह कमाई बंद होते ही विभाग ने साल के चार महीने बीत जाने के बाद अचानक नये बार के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। हालांकि आदेश पत्र में तारीख मार्च 2024 की है। इससे पता चलता है कि आदेश चार महीने पहले ही जारी हो चुका था, लेकिन नये बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया चालू माह में शुरू की गई है।

## अप्रैल में मिलना था लाइसेंस, अब 7 महीने का होगा



बार का लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाता है जो 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक रहता है। विभाग ने नया बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी है, लेकिन आवेदन करने वालों को बार चलाने के लिए सिर्फ 7 महीने ही मिल पाएंगे। मार्च 2025 को लाइसेंस की अवधि खत्म हो जाएगी। इसके बाद बार मालिक को लाइसेंस नवीनीकरण कराना होगा।

### लाइसेंस शुल्क सालभर का लगेगा

नये बार के लिए आवेदन करने वालों को लाइसेंस जरूर 7 महीनों के लिए मिलेगा, लेकिन शुल्क पूरे सालभर का देना होगा। विभाग के नियम के अनुसार लाइसेंस शुल्क जनसंख्या के अनुसार 3 वर्ग में बांटी गई है। एक लाख से अधिक जनसंख्या न हो ऐसी जगह पर बार के लिए 18 लाख रुपए लाइसेंस फीस है। 1 लाख से 3 लाख के बीच जनसंख्या होने पर 24 लाख रुपए तथा 3 लाख अधिक जनसंख्या होने पर 31 लाख 20 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। रायपुर जिले में एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र है। इस कारण 24 लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी गई है।

### नये बार लाइसेंस के आ रहे आवेदन

नये बार लाइसेंस के लिए आवेदन आ रहे हैं। अब तक 4 आवेदन आ चुके हैं। लाइसेंस नियम प्रक्रिया के तहत दिए जाएंगे। लाइसेंस फीस एक साल के लिए होता है, इसलिए आवेदकों को पूरी फीस जमा करनी होगी।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

## प्रदेश में खेती किसानी की स्थिति बेहतर

# छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों में तीन आधे बाकी लबालब, 95 प्रतिशत बोनी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल सावन महीने की जोरदार बारिश के बाद भी राज्य के एक दर्जन बड़े बांधों में से तीन बांध ऐसे रह गए हैं जो भर नहीं पाए हैं। बाकी के नौ बांधों में 75 से लेकर 100 प्रतिशत तक जलभराव हो चुका है। जिन तीन बांधों में पानी की कमी रह गई है, उनमें अरपा भैंसाझार बिलासपुर, केलो रायगढ़ और कोडार महासमुंद शामिल है। खास बात ये है कि राज्य में खेती किसानी की स्थिति बेहतर है, अब तक सीजन की 95 प्रतिशत बोनी हो चुकी है।

राज्य में इस साल सावन के महीने में जोरदार बारिश हुई है। अब तक औसतन 820 मिमी से अधिक बारिश रिकार्ड हो चुकी है। सावन खत्म होने के बाद भी कई जिलों में अब तक बारिश हो रही है। इस सीजन में सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में अन्य के मुकाबले कम बारिश हुई है। सरगुजा में सबसे कम 72 प्रतिशत के आसपास बारिश हुई है। ऐसी ही स्थिति महासमुंद जिले में भी है। इनके अलावा बेमेतरा और दुर्ग जिले में कम बारिश हुई है।



### नौ बड़े बांधो में जमकर जलभराव

*राज्य के बड़े बांधों में शामिल मिनी माता बांगो कोरबा में इस समय 82 प्रतिशत जलभराव है। इसी तरह रविशंकर सागर धमतरी में 89 प्रतिशत, तांदुला बालोद में 91 प्रतिशत, दुधावा कांकेर में 85 प्रतिशत, सिकासार गरियाबंद में 96 प्रतिशत, खारंग बिलासपुर में 100 प्रतिशत, सोंढूर धमतरी में 74 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली धमतरी में 86 प्रतिशत, मनियारी मुंगेली में 100 प्रतिशत जल भराव है।*

### खरीफ सीजन की बोनी 95 प्रतिशत

चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 95 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 46.35 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 21 अगस्त 2024 की स्थिति में किसानों को लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यमों से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 15.24 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है।

# समाज के आध्यात्मिक व सामाजिक विकास के लिए हर वर्ग से जुड़ेगा संघ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने, आध्यात्मिक, सामाजिक और आर्थिक विकास की अवधारणा से हर वर्ग को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ में भी पहल की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जमीनी स्तर पर हर जिले में जन आंदोलन की तैयारी के लिए विश्व हिन्दू सेवा संघ प्रदेशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों को जोड़ने की मुहिम शुरू करेगा। संघ के राष्ट्रीय महासचिव विशाल भगत ने पत्रकारवार्ता में यह बात कही।

- विश्व हिन्दू सेवा संघ ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

राजधानी में नए लोगों को जिम्मेदारी देने और विश्व हिन्दू सेवा संघ के विचारों को हर सनातनी परिवारों तक पहुंचाने के लिए हर जिले में प्रयास तेज करने की बात राष्ट्रीय महासचिव ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में रखी। उन्होंने कहा कि जन अभियान शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष की कमान हेमंत कुमार को दी गई है। इसके साथ ही रायपुर जिला अध्यक्ष के रुप में गोपाल प्रसाद वर्मा को नियुक्त किया गया है।

इनके साथ मिलकर हर जिले में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जोड़ने के बाद संघ के उद्देश्य से हर सनातनी परिवारों से जुड़े हर वर्ग को चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, व्यावसाय, महिला ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए पहल की जाएगी। संघ का उद्देश्य घर-परिवार में खत्म हो रही सनातनी व्यवस्था को वापस स्थापित करना है।

# कानून व्यवस्था और अन्य विषयों पर कांग्रेस ने शाह से पूछे 11 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उनसे 11 सवाल पूछे हैं।



उन्होंने पूछा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था क्यों बदहाल हो गयी है? अपराधी बेलगाम हो गये। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे। 8 महीने में प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया है।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा? आदिवासी समाज को उसकी आबादी के अनुपात में उसका हक मिलने आप और भाजपा क्यों बाधा बनी हुई है? छत्तीसगढ़ के हसदेव के वन क्षेत्रों की कटाई क्यों हो रही है? भाजपा की सरकार बनने के बाद हसदेव क्षेत्र में वनों की कटाई फिर से शुरू हो गई। राज्य की सरकार ने राजस्थान सरकार को कोल ब्लॉक में उत्खनन की अनुमति दे दी। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा? दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही? भारतमाला परियोजना रोड को जगदलपुर से क्यों नही जोड़ा जा रहा? मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया?

### नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे?

उन्होंने कहा, नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर के नगरनार संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा था इस संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा। आपने भी यही कहा था उसके बाद भी नगरनार संयंत्र के बेचने की खबरे क्यों सामने आ रही है? क्या आप छत्तीसगढ़ से इन खबरों का खंडन करेंगे? नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा? अमित शाह जी बताये अडानी का हित बड़ा है या आदिवासियों की आस्था? एनआईए की कार्यवाही पक्षपात पूर्ण क्यों? टेरर फंडिग मामले में भाजपा के पूर्व मंत्री के भाई पेखन गागड़ा और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पर 91 करोड़ उगाही का आरोप है, एनआईए की कार्यवाही में उनको किसके दबाव में छोड़ा गया है?

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने की कलेक्टर दर पर वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्कूल सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इस संबंध में स्कूल सफाई कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक 24 अगस्त को बिलासपुर के सरकंडा स्थित प्राथमिक बालक शाला में आयोजित है। इसमें स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग और उनकी समस्याओं पर चर्चा होगी।

#### खास बातें

- प्रदेशभर में 43 हजार स्कूल सफाई कर्मचारी
- 14 साल से सेवा, 3 हजार से लेकर 3300 रुपए मासिक मानदेय

दरअसल, प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 43 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जो पिछले 14 सालों से स्कूल की साफ-सफाई कार्य कर रहे हैं। इन्हें वर्तमान में केवल 3 हजार से लेकर 3300 रुपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया भाजपा द्वारा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पूर्व स्कूल सफाई कर्मचारी संघ से वादा किया था कि सरकार बनने पर स्कूल सफाई कर्मचारियों के वेतन में 50 फीसदी वृद्धि की जायेगी।, पर वेतन वृद्धि नहीं किये जाने से स्कूल सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### प्रधानपाठक संघ, शिक्षक संगठनों ने किया समर्थन

प्रधान पाठक संघ और विभिन्न शिक्षक संगठनों ने स्कूल सफाई कर्मचारीयों के 14 वर्ष कार्य अनुभव को ध्यान में रखकर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग का समर्थन किया है। इसके साथ ही स्कूल सफाई कर्मचारियों को भृत्य की पदों पर समायोजित किये जाने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालनालय को पत्र भी लिखा गया है।

# रात के अंधेरे में जुए में लाखों रुपए दांव लगाने का वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र के एक सूनसान खेत में जुआ खेलने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में एक दर्जन से ज्यादा लोग जुए में लाखों रुपए दांव लगाते दिख रहे हैं। जुआ रात के अंधेरे में टार्च की रोशनी में खेला जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने तीन साल पुराना होने की बात कही। जुए की फड़ में दिख रहा एक व्यक्ति क्षेत्र में जुआ संचालित कराने वाला कुख्यात जुआरी है।

गौरतलब है कि मुजगहन थाना क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में आए दिन जुआ फड़ की बड़ी महफिल सजने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। जुआरियों के खिलाफ पुलिस शिकंजा कसने का दावा भी करती है। इन्हीं शिकयतों के बीच किसी ने मुजगहन थाना क्षेत्र में जुआ संचालित होने का वीडियो वायरल किया है। जिस जगह जुआ संचालित किया जा रहा है, वहां जुआरियों के लिए अलग से चाय-नाश्ता तक की व्यवस्था की गई है। वायरल वीडियो में दिख रहा शख्स आसकरण खान है, जो पूर्व में जुआ संचालित करने के आरोप में जेल जा चुका है।

### जांच के बाद फड़ में बैठने की अनुमति

जिसके ऊपर जुआ संचालित करने का आरोप है, बताया जा रहा है, वह जुआ की फड़ में बैठने वाले लोगों की बारीकी से जांच करने के बाद फड़ में बैठने की अनुमति देता है। इसके साथ ही जुआ के फड़ में शामिल लोगों के वाहन एक किलोमीटर दूर पार्क किया जाता है। जुआ फड़ में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होने की बात सामने आई है। जुआ को लेकर जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में एक हजार रुपए से कम के दांव नहीं लग रहे। अधिकतम 15 से 20 हजार रुपए तक जुआरी दांव लगाते दिख रहे हैं।

## मंत्रालय से जारी किए गए चार अलग-अलग आदेश

# नगरीय प्रशासन में 166 अफसर कर्मियों के तबादले, संयुक्त संचालक और अभियंता बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 166 अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में चार अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, कैशियर, सफाई दरोगा, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट और सफाई कामगार शामिल हैं।

### वरिष्ठ अफसरों की तबादला सूची

एसके सुंदरानी संयुक्त संचालक नवा रायपुर अटल नगर से अंबिकापुर, वासुदेव राम संयुक्त संचालक अंबिकापुर से नवा रायपुर अटल नगर लोकेश्वर साहू संयुक्त संचालक दुर्ग से रायपुर, जयप्रकाश उपसंचालक से प्रभारी संयुक्त संचालक नवा रायपुर से दुर्ग, अरुण साहू जोन आयुक्त बिलासपुर से प्रभारी उप संचालक नवा रायपुर, रमेश जायसवाल जोन आयुक्त रायपुर से सीएमओ तखतपुर, मधुलिका सिंह सीएमओ सारंगढ से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, अनुभव सिंह, सीएमओ मुंगेली से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, आशीष तिवारी सीएमओ शिवरीनारायण से नगर पालिका अधिकारी मुंगेली, सचिन गुप्ता सीएमओ छुरिया से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, लाल अजय बहादुर सीएमओ भाटापारा से छुरिया, जफर खान सीएमओ आमदी से नगर पालिका अधिकारी भाटापारा, भूपेश दीवान सीएमओ तखतपुर से आमदी, राजेश्वरी पटेल सीएमओ




माना कैंप से जोन आयुक्त रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, श्रीनिवास पटेल जोन आयुक्त भिलाई से सीएमओ गुरुर, विवेकानंद दुबे राजस्व निरीक्षक रायपुर से प्रभारी जोन आयुक्त रायपुर, दीपक एक्का सीएमओ बलौदा से प्रेमनगर, भूपेंद्र उपाध्याय सीएमओ बेमेतरा से रतनपुर, कोमल ठाकुर सीएमओ पंडरिया से बेमेतरा, सतीश यादव सीएमओ अमलेश्वर से जोन आयुक्त भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, नेतराम रत्नेश सीएमओ शिवपुर चरचा से परपोड़ी, गिरीश कुमार चंद्रा सीएमओ कोंटा से अंबागढ़ चौकी, मनीष वारे सीएमओ बैकुंठपुर से कसडोल, अंजना वाईक्लिफ सीएमओ नई लेदरी से बैकुंठपुर, लवकेश कुमार सीएमओ महासमुंद से बेरला, विजय कुमार पांडेय सीएमओ सारागांव से महासमुंद, पुष्पा खलको सीएमओ भटगांव सूरजपुर से सीतापुर, अनुराधा राजमणि सीएमओ बोडला से पथरिया, मनीष कुमार सीएमओ बिलाईगढ़ से दल्लीराजहरा, सुशील चौधरी सीएमओ जोन आयुक्त भिलाई से सीएमओ बिलाईगढ़, रमाकांत साहू सीएमओ दल्ली राजहरा से जोन आयुक्त रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, विकास नारायण सिंह सीएमओ थान खम्हरिया से गीदम, रोहित साहू निगम सचिव रिसाली से सीएमओ कर्वधा, टीआर चौहान सीएमओ नवागढ़ बेमेतरा से डभरा, रेखलाल सुधाकर सीएमओ सहसपुर लोहारा से मारो, अजय राजपूत सीएमओ फरसगांव से जोन आयुक्त भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, बंशीलाल नरूटी सीएमओ चारामा से फरसगांव।

### अभियंताओं के तबादले

*उमेश कुमार धलेंद्र मुख्य अभियंता नवा रायपुर से रायपुर, भागीरथ वर्मा मुख्य अभियंता सूडा नवा रायपुर से भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, राजेश शर्मा अधीक्षण अभियंता रायपुर से प्रभारी मुख्य अभियंता नवा रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, निशिकांत वर्मा कार्यपालन अभियंता रायपुर से ओएसडी नवा रायपुर का अतिरिक्त प्रभार, हिमांशु देशमुख कार्यपालन अभियंता भिलाई से संचालनालय नवा रायपुर, सुरेश कुमार बरुआ प्रभारी कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से कोरबा, दीपक कुमार खांडे प्रभारी कार्यपालन अभियंता बीरगांव से सहायक अभियंता नवा रायपुर, निलेश पटेल सहायक अभियंता नवा रायपुर से बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, गणेशराम नामदेव उप अभियंता रतनपुर से प्रभारी सहायक अभियंता बिलासपुर, विक्रम कपूर उप अभियंता बिलाईगढ़ से संचालनालय नवा रायपुर, चंद्रशेखर साहू उप अभियंता बिलासपुर से कोटा, रूचि साहू उप अभियंता सूडा नवा रायपुर से रायपुर, शैलेंद्र पटेल उप अभियंता सक्ती से रायपुर, शिरिल भास्कर उप अभियंता बिलासपुर से रतनपुर, विनायक गर्ग उप अभियंता धमधा से लोरमी, विद्यानंद मधुकर उप अभियंता पाली से मुंगेली, आशुतोष विश्वकर्मा उप अभियंता मंदिर हसौद से सूडा नवा रायपुर, विकास साहू उप अभियंता रायपुर से संचालनालय नवा रायपुर, विवेक रंजन तिर्की उप अभियंता बलौदा से मुंगेली, आशीष कुमार उप अभियंता संचालनालय नवा रायपुर से संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर, शुभम तिवारी उप अभियंता रायपुर से सूडा नवा रायपुर, अंकुर मिश्रा उप अभियंता रायपुर से सूडा नवा रायपुर।*

# दिल्ली से आई टीम ने शहर में 4 दिनों तक किया सर्वे, 35 जगहों पर फील्ड विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


देशव्यापी केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से आई केन्द्रीय टीम शहर में 4 दिन तक रहकर 35 जगहों पर गीला और सूखा कचरे से बनने वाली खाद की धरातल पर स्थिति जानने के बाद फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर लौट गई।

6 से 10 अगस्त तक केन्द्रीय टीम ने रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे संस्थान व निजी कालोनी का भ्रमण किया जहां रोजाना 50 किलो से ज्यादा गीला और सूखा कचरा निकलता है। वहां जाकर दल ने यह जानकारी जुटाई कि गीले कचरे से खाद बन रही है या नहीं? इसकी पड़ताल कर ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिट की। दरअसल, केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छता संबंधी रैंकिंग तय करने केन्द्र सरकार 4 चरण में सर्वे करा रही है । इसमें शुरुआत के दो चरण में रायपुर शहर में सफाई की धरातल पर स्थिति जानने शहरवासियों से केन्द्रीय टीम ने जुलाई में सर्वे कर फीडबैक लिया। इसमें 25 अलग-अलग बिंदुओं पर लोगों से सीधे मोबाइल पर कॉल कर या फील्ड एसेसमेंट के जरिये लोगों की राय ली गई।

पिछली बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर की सफाई को लेकर पब्लिक फीडबैक श्रेणी में केवल 80.27 फीसदी अंक ही मिल पाए। इसके कारण रायपुर शहर की स्वच्छता में रैंकिंग फिसलकर 11वें स्थान पर रही। 6 से 10 अगस्त तक दिल्ली की टीम ने 25 वार्डों का दौरा कर 35 जगहों पर गीले व सूखे कचरे से बनने की पड़ताल कर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर सीधे दिल्ली को अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी।

### 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों के मुताबिक देश के 4,447 शहरों के बीच स्वच्छता के देशव्यापी सर्वेक्षण में कुल 9500 अंक रखे गये हैं। इसमें से सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक और पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक मिलेंगे। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बना रखी है।



- 50 किलो से ज्यादा कचरा निकलने वाले प्राइवेट कालोनी, निजी संस्थानों में गये
- गीला और सूखा कचरा से खाद बनने की पड़ताल

### गारबेज फ्री सिटी सर्वे अगले माह संभावित

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कराये जा रहे देशव्यापी सर्वेक्षण में गारबेज फ्री सिटी और ओडीएफ डबल प्लस के सिलसिले में सर्वे करने केन्द्रीय टीम अगले माह रायपुर आ सकती है। सूत्रों के मुताबिक अंतिम चरण का यह सर्वे रैंकिंग के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें रायपुर को मिलने वाले अंक से यहां की स्वच्छता रैंकिंग तय होगी। इसी सर्वे में ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस सिटी का भी सर्वे होना है। इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था में रायपुर शहर के अंकों में बढ़ोतरी होगी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय उमा विद्यालय खोलझर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर में 22 अगस्त को सभागार में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठन के लिए बैठक आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनित संतोष साहू अध्यक्ष, निरंजन लाल घरेन्द्र प्रभारी प्राचार्य सचिव, दानी राम भुआर्य व्याख्याता कोषाध्यक्ष, श्रीमती योगेश्वरी कोमरे सरपंच, मोती लाल देवांगन, श्रीमती अरूण बाई चुरेन्द्र, लेखराम गोटा, दया राम भंडारी, सुलेन्द्री रावटे, चांदनी बाई तारम, शब्बीर अली, विधायक प्रतिनिधि, इमलेश तारम, खिलावन करेन्द्र, सुरेश देवांगन, टिकम खड़हा, हुमन साहू सदस्य का चयन कर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष द्वारा शाला परिसर एवं अध्यापन कक्षों का निरीक्षण किया गया, संबंधित द्वारा शाला परिसर कक्षों के रख-रखाव के संबंध में संतोषप्रद पाया । अध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्बोधन में प्रतिदिन शाला आने एवं कक्षा शिक्षक द्वारा सौपे गए गृह कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। हेमलाल उर्वशा वरिष्ठ व्याख्याता द्वारा सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी और कार्यक्रम का समापन किया।

### सामान्य सभा आयोजित करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात सामान्य सभा की बैठक जल्द बुलाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि पूर्व की सामान्य सभा फरवरी माह में बुलाई गई थी, उसके बाद आज तक कोई सामान्य सभा नहीं बुलाई गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि पेयजल संकट, जलभराव, शहर में गड्ढे तथा आवारा कुत्तों के खौफ से से शहर की जनता त्रस्त है। शहर में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, बहुत सारे ऐसे विषय हैं।

### बीमा कर्मियों का प्रदर्शन कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मध्यक्षेत्र के बीमाकर्मियों के संगठन सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन की महिला समिति के आव्हान पर दो दिवसीय 22 और 23 अगस्त तक आरजे मेडिकल कालेज सहित देशभर में महिलाओं पर जारी शर्मनाक घटनाओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार शाम पंडरी के जीवन बीमा मार्ग पर सैकड़ों बीमा कर्मियों, अधिकारियों व अन्य जनसंगठनों से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया तथा मोमबत्ती जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड धर्मराज महापात्र, आरडी आईईयू महिला समिति की सचिव अनुसुईया ठाकुर ने दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने मांग की है।

### 60 मवेशियों की धरपकड़, भेजा गोठान

**रायपुर।** नगर निगम के अलग-अलग जोन की टीम ने काऊकैचर की मदद से गुरुवार को शहरभर में 60 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। अभियान के तहत जोन 2 ने 3, जोन 3 की टीम ने 19 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान में छोड़ा। जोन 4 ने 9 और जोन 5 ने 10 मवेशियों को पकड़कर गोठान छोड़ा।

पेज 7 का शेष

### जिले में नेशनल ..

मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सुखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ–साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जावेगा तथा प्रकरणों का निराकरण वर्चुअल एवं फिजिकल के माध्यम से किया जावेगा।

### सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर ऑटो डीलरों के साथ सर्विस सेंटरों का कब्जा

# सड़कों पर गाड़ियों की पार्किंग और सर्विसिंग का काम, ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में जिस गति से आबादी बढ़ी है, उसी गति से गाड़ियों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। गाड़ियों की बढ़ती संख्या के अनुसार शहर की सड़कें जस की तस हैं। इसके कारण सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर सुबह 9 बजे से लेकर रात 9 बजे तक ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है।

यह समस्या ऑटो डीलर और सर्विस सेंटरों के कारण और जटिल हो गई है, क्योंकि ऑटो डीलरों के पास बिक्री के लिए आने वाली गाड़ियों को जहां सड़कों पर पार्क किया जा रहा है, वहीं सर्विसिंग सेंटरों द्वारा भी गाड़ियों की मरम्मत और धुलाई का काम सड़कों पर किया जा रहा है। इसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या और ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि की टीम ने बुधवार को शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या के कारणों का पता लगाने के लिए जायजा किया। टीम रिंग रोड से लगी सर्विस रोड के साथ पचपेड़ी नाका से कालीबाड़ी सहित अन्य कई प्रमुख सड़कों से गुजरी। इस दौरान कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। जाम लगने के कारणों में सड़कों पर ठेला-गुमटी, बेतरतीब पार्किंग, अवैध पार्किंग, दुकानों के होर्डिंग्स, बिजली खंबों पर लगे बैनर-पोस्टर के अलावा ऑटो डीलरों की दुकान एवं सर्विसिंग सेंटर भी है। इन सभी के कारण ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है। टीम ने ऐसे ही कुछ स्थानों को चिन्हांकित किया है, जहां ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।





**केस 1**

पुजारी पार्क के सामने ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण गाड़ियां सड़कों पर पार्क की जा रही है। इसके कारण यहां हर दिन ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। कई बार तो सड़क पर सर्विसिंग किए जाने के कारण इस रोड से गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत होती है।

**केस 2**

भाठागांव पानी टंकी से लेकर रावणभाठा अंडर ब्रिज तक सर्विस रोड के दोनों तरफ ऑटो डीलरों और सर्विसिंग सेंटर की कई दुकानें है। इन दोनों सड़कों पर भी कारों की अवैध पार्किंग एवं धुलाई का काम सड़कों पर ही होता है। इसके कारण यहां भी ट्रैफिक जाम के साथ लोगों को गंदा पानी की बौछारों का सामना करना पड़ता है।

**केस 3**

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के बगल में सर्विस रोड पर हरिहंत काम्पलेक्स से पचपेड़ी की ओर आने वाली सड़क के किनारे कई गाड़ी सर्विसिंग सेंटर खुले हुए हैं। इन सेंटरों के कर्मचारी आए दिन सड़क पर गाड़ियां खड़ी करके गाड़ियों की धुलाई करते है। इसके कारण ट्रैफिक जाम तो होता है, साथ ही दोपहिया सहित अन्य खुली वाहन में आवागमन करने वालों पर धुलाई का गंदा पानी बारिश की बौछार की तरह बरसता है। इसके कारण यहां कई बार वाहन सवार एवं सर्विसिंग सेंटर के कर्मचारियों से वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है।



**केस 4**

पुलिस लाइन गेट के सामने बुढ़ातालाब जाने वाले रास्ते और फातेशाह मार्केट से लेकर पेट्रोल पंप तक ऑटो डीलरों का कब्जा है। इस प्रमुख मार्ग पर भी जगह-जगह अवैध रूप से कारें पार्क की गई है।

### निगम प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की निगाह से बचे हुए

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों से लगे हुए अतिक्रमण, अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने से लेकर नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाती है, लेकिन इस ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के मालिकों पर अब तक न ही निगम प्रशासन की नजर गई और न ही ट्रैफिक पुलिस की।

### करेंगे कार्रवाई

नो पार्किंग पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई की जाती है। ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण अगर कहीं ट्रैफिक जाम लग रहा है, तो कार्रवाई करेंगे।

\- **गुरजीत सिंह**, डीएसपी, ट्रैफिक रायपुर

## विधायक की गिरफ्तारी से समाज में आक्रोश, रिहाई नहीं होने पर हर जिले में विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी का मामला रोज नया तूल पकड़ रहा है। अब यादव समाज और सर्व समाज ने इसे साजिश करार देते हुए जल्द रिहाई की मांग रखते हुए शासन-प्रशासन को आगाह किया है कि जल्द रिहाई नहीं की गई, तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। यह मांग समाज के लोगों ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में रखी। पत्रकारों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि बिना किसी एजेंसी से जांच करवाए साजिश के तहत समाज के विधायक को फंसाया जा रहा है।

- यादव समाज ने पत्रकारवार्ता में कहा- साजिश के तहत भेजा जेल

यह आरोप समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, सचिव कमल यादव व सुन्दर लाल यादव ने शासन-प्रशासन पर लगाया है। उनका कहना है, घटना में उनको आरोपी बनाया जाना, किसी लिहाज से सही नहीं है। बलौदा बाजार मामले में विधायक मंच पर नहीं गए थे। वे इस घटना का हिस्सा इसलिए भी नहीं हैं, क्योंकि वे एनएसयूआई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसे देखते हुए अब जिला स्तर पर समाज द्वारा बैठक करके धरना प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी।

इसके लिए समाज को विवश किया जा रहा है। जिस मामले में गिरफ्तारी की गई, उसमें बिना किसी ठोस सबूत के विधायक को पहले नोटिस दिया गया और बाद में जेल भेजा गया। अभी तक विधायक के परिवार को पुलिस ने एफआईआर की कापी नहीं दी है। इसे देखते हुए यादव समाज, छत्तीसगढ़ द्वारा विरोध प्रदर्शन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। अब जिला स्तर पर बैठक करके आगामी दिनों में होने वाले प्रदर्शन की रणनीति बनाई जाएगी।

## हायर सेकंडरी की 27 बालिकाओं को बांटी गई साइकिलें



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 27 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, साइकिल प्रभारी रोहित कुमार देशमुख, भातेंद्र गंगाराले, सरस्वती उमरे, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी देवांगन, गुलशन चंद्राकर, दीपमाला यादव संकुल समन्वयक किशोर कुमार दिल्लीवार, प्रधानपाठक मिडिल संध्या शिवरामवार, टिकेंद्र कुमार चंद्राकर (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला) एवं ग्राम सरपंच ललिता गजपाल साथ में छात्र के पालकगण हेमंत कुमार बारले, त्रेता चंद्राकर, मोती लाल मारकंडे, चैन दास देवांगन, घनश्याम सिंह साहू, खिलेंद्र पटेल,मानसिंह पटेल, गोदावरी देवांगन स्मृति सोनी, चितरेखा साहू आदि उपस्थित थे। प्राचार्य राजपूत एवं सदस्यों ने साइकिल प्रदान करते हुए निरन्तर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

## 20 वार्ड में गंदे पानी की सप्लाई कलेक्टर को दिया गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

वार्ड क्रमांक 14 के अभिन्न यादव ने नगर पालिका परिषद बालोद के सभी 20 वार्डों में पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन मे मांग की गई है कि शहर के सभी 20 वार्डों मे पिछले डेढ़ माह से गंदे पानी के सप्लाई होने से शहरवासी परेशान हो रहे है। गंदे पानी के सप्लाई से लोगों का स्वास्थ बिगड़ते जा रहा है, जिससे डायरिया, पेचिस, बुखार एवं अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद नगरीय प्रशासन द्वारा इस संबंध मे किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। इसलिए बालोद के सभी 20 वार्डों मे पानी की समस्या का निराकरण किया जाए।

## सिंचाई के लिए खरखरा बांध से छोड़ा जाएगा पानी

### संबलपुर के किसानों ने की है बांध से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

खरखरा बांध से पानी की मांग को लेकर मटिया मोती नहर उप सम्भाग क्रमांक 3 कार्यालय पहुंचकर संबलपुर के किसानों ने सिंचाई के लिए पानी छोड़ने मांग की। जानकारी मिली कि जल उद्वहन योजना बन्द पड़ी है जिसे तत्काल ठीक करायी जाय और किसानों को तत्काल पानी उपलब्ध कराया जाए। जल उद्वहन योजना के पम्प खराब पड़े हैं, जिसे बनवाने में उदासीनता बरती जा रही है, जिसे लेकर संबलपुर के किसान काफी आक्रोशित थे, ठीक नहीं होने पर आंदोलन की स्थिति निर्मित हो रही थी, पर ग्रामीणों की मांग पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने किसानों के समक्ष बैठकर उनकी समस्या सुनी और कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में सुशासन है किसानों की सरकार है और तत्काल जल संसाधन विभाग के ई ई पीयूष देवांगन को फोन कर जल उदवहन योजना को जल्द चालू करने कहा व कलेक्टर बालोद से भी बात की। कलेक्टर इंद्रजीत चंदवाल ने आश्वस्त किया किसानों के हित में जल्द काम कराया जाएगा, तब जाकर किसानों की चिंता दूर हुई। ईई पीयूष देवांगन ने एक-दो दिन में पानी छोड़ने की बात कही।



## प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज नहीं कर सकेंगे सरकारी अस्पताल के डॉक्टर

- पहले से ही है नियम, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया रीमाइंडर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल में अपनी सेवाएं नहीं दे सकते अर्थात नौकरी नहीं कर सकते हैं। यह नियम पहले से ही राज्य में लागू है। ऐसे में इसे रीमाइंड स्वरूप जारी किया गया है। शासकीय सेवारत चिकित्सक व्यक्तिगत रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकते हैं, लेकिन कर्तव्य अवधि अर्थात हॉस्पिटल की कामकाजी समय के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। अस्पताल में ड्यूटी का समय समाप्त होने के बाद ही लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकेंगे।

### मिलती रही हैं शिकायतें

यह नियम 2011 से ही राज्य में लागू है। कई बार चिकित्सकों की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि शासकीय सेवारत होने के बाद भी वे ड्यूटी के दौरन प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे थे। शासकीय अस्पतालों में सुधार के लिए ये नियम बनाए गए थे। गुरुवार को जारी किए गए आदेश में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कहा गया है कि वर्तमान में यह पाया गया है कि नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए संबंधित अस्पतालों के प्रमुख और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को खत लिखकर नियमों का पालन करवाने कहा गया है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम खुंदनी निवासी पेंटर टेकूराम साहू द्वारा अपनी पुत्री डामिन के जन्मदिन पर अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के सभी बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूरी खिलायी। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य शाला में उपस्थित होकर बच्चों को खाना परोसे। इस अवसर पर एसएमसी के अध्यक्ष दुलेश्वर यादव, उपाध्यक्ष तुलसी साहू, एसएमसी के सदस्यगण, प्रधान पाठक भीम सिंह साहू, संकुल समन्वयक हेमलाल पटेल एवं शिक्षक, रसोइया उपस्थित थे।

### अभाविप 10 को मनाएगी ओबीसी दिवस

**गुण्डरदेही।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संयोजन समिति बालोद द्वारा विगत दिनों गुण्डरदेही ब्लाक के साहू सदन में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर 10 सितम्बर को प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस मनाने की जानकरी दी। अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग संयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने बताया की विगत 4 वर्षों से लगातार देश में 10 सितम्बर को ओबीसी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पेंड्री में मनाना तय किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव सहित प्रदेश एवं जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कुल्हारा संभागीय अध्यक्ष किरत राम, जिला अध्यक्ष बल्दु राम साहू, जिला उपाध्यक्ष चाणक्य लाल यादव, जिला सचिव सांवत राम साहू, जिला महामंत्री लक्ष्मी चंद साहू, जिला संरक्षक बुधारू राम साहू, ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, ब्लाक उपाध्यक्ष तोमनलाल साहू, रोमनाथ साहू, पुना लाल साहू, झगगर साहू, घनरम साहू, युवराज सिंह, आशीष साहू, आनंद राम यादव, लक्ष्मण निषाद उपस्थित थे।

### सेजेस अरमरीकला के 21 छात्र- छात्राओं का चयन




**बालोद/कलंगपुर।** जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सेजेस अरमरीकला के 21 छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में 19 वर्ष वर्ग में परमेश्वर, चन्दन, कोमल, भीषम, रोशनी, उपासना, अदिति, साधना शामिल हैं। 17 वर्ष में टिकेंद्र, राहुल, जीतेश्वर, केमेश्वरी, देविका, मेघा हैं। 14 वर्ष वर्ग में खुसाल, कुणाल, फनिश, धनेंद्र, विकास, यूगेश्वरी, रूपमाला, तेजस्वी का चयन एथलेटिक्स स्पर्धा के विभिन्न विधाओं में हुआ है। प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता दल्लीराजहरा के लिए चयन किया है। चयनित खिलाड़ियों को संस्था के प्राचार्य एएस कौशिक, पीएल साहू, एके असनी, जीआर साहू, एम निशा, एम साहू, एच मंडवाकर, व्यायाम शिक्षक शैलेन्द्र सिन्हा, अभिषेक जायसवाल और विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने हर्ष व्यक्त किया है।

**बैठक :** कलेक्टर ने ग्रामीणों के आय में वृद्धि करने के उपायों की विस्तृत समीक्षा की

# हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय बढ़ाने में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के विशेष पहल पर बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में सुदूर वनांचल तथा जिले के अंतिम छोर में स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को 01 साल के भीतर दुगूना करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिला प्रशासन के वन ग्राम आजीविका संवर्धन कार्य के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय में वृद्धि करने के उपायों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर एक साल की अवधि के भीतर प्रत्येक परिवारों के आय को दुगूना करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्राम हुच्चेटोला के सभी परिवारों को केन्द्र व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने तथा ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर चन्द्रवाल ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बस से ग्राम हुच्चेटोला पहुंचकर जिला प्रशासन के अभिनव कार्य का आगाज किया था। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्राम हुच्चेटोला से मुख्य मार्ग तक तत्काल मुरूम डालकर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम हुच्चेटोला में ट्रांसफॉर्मर एवं हाई मास्क लाइट लगाने तथा सभी हितग्राहियों का मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के अलावा बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम हुच्चेटोला में कलामंच के निर्माण कराने हेतु राशि स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे गांव की गरीब आदिवासी छात्र कुमारी कलाबती नेताम को उनके अध्ययन–अध्यापन हेतु आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्राम हुच्चेटोला के सभी 70 परिवारों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर 1 साल के भीतर उनके आय को दुगुना करने के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को 5–5 परिवारों के सर्वे कर इसके सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई है।




### बोर व कुएं का होगा खनन

चन्द्रवाल ने ग्राम हुच्चेटोला में सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार बोर खनन के अलावा सामुदायिक कुएं आदि के खनन कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम हुच्चेटोला के सभी घरों में पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्र में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मशरूम उत्पादन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने ग्राम हुच्चेटोला में बांस की समुचित उपलब्धता को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों को बांस के उत्पाद बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को धान के बदले अन्य फसल पैदा करने तथा लाख आदि के उत्पादन के लिए प्ेररित करने को कहा।

### मच्छरदानी का होगा वितरण

चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ग्राम हुच्चेटोला में बीमारियों से ग्रसित लोगों का समुचित इलाज की व्यवस्था करने तथा गांव के सभी परिवारों को मच्छरदानी का वितरण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। चन्द्रवाल ने सभी अधिकारियों को ग्रामीणों की मांग एवं सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उन्हें शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर एक साल के भीतर उकने आय को दुगुना करने का उपाय सुनिश्चित करने को कहा।



### ई-केवायसी के कार्य की प्रगति लाये विभाग

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में इन योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में ई–केवायसी के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि एवं पशुपालन विभाग के उपसंचालकों के अलावा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के विभागीय योजनाओं के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024–25 में अपेक्षित फसल प्रदर्शन के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने खरीफ वर्ष 2024 हेतु सहकारिता बीज भण्डारण एवं वितरण तथा उर्वरक भण्डारण वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, आत्मा योजना, पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपाई, जैविक खेती मिशन परंपरागत कृषि विकास योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की। इसी तरह उद्यानिकी विभाग के कार्यों के अंतर्गत जिले के नर्सरियों की मूलभूत जानकारी तथा राज्य पोषित योजना अंतर्गत पौध उत्पादन, वितरण आदि की समीक्षा की। इसके अलावा मनरेगा अंतर्गत पौध उत्पादन एवं वितरण के अलावा वर्ष 2024–25 में रोपणीय की कुल आय की जानकारी आदि की भी समीक्षा की।

■ कलेक्टर ने जिले में योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

### पंचायतों में डोर टू डोर होगा कचरा संग्रहण

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा बैठक सयुंक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा संग्रहण शेड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कचरा संग्रहण हेतु ट्राइसाइकिल उपलब्ध ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में स्वच्छाग्राहियों को 15वें वित्त आयोग से मानदेय प्रदान करने एवं ग्राम पंचायतों में शत–प्रतिशत यूजर चार्ज लेने के संबंध में चर्चा की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपलान अधिकारी डॉ. संजय कनौजे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों को ओ.डी.एफ. प्लस बनाने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट आगामी दिनों में लगाया जाना है। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का निपटान किया जाएगा। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि फिकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लांट के माध्यम से मानव मल का प्रबंधन और उपचार किया जाएगा। उक्त प्लांट में ग्राम पंचायतों में निर्मित सेप्टीक टैंक के मानव मल को वाहन के माध्यम से प्लांट में लाया जायेगा एवं उपचार किया जायेगा। उपचार उपरांत जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत समस्त कार्य समय–सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। जिससे जिले को ओडीएफ प्लस मॉडल की श्रेणी में लाया जा सके।

■ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट आगामी दिनों में लगाया



# आयुष स्वास्थ्य मेले में 378 मरीजों का हुआ उपचार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड आयुष शिविर प्रभारी द्वारा विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ मेला का आयोजन कर्मामाता भवन ग्राम डोटोपार में किया गया। इस मेले में 378 मरीजों के स्वास्थ परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। 59 व्यक्तियों का रक्त शर्करा एवं 27 व्यक्तियों का हिमोग्लोबीन जांच की गया तथा 24 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन थे, विशेष अतिथि सदस्य जनपद पंचायत चांदनी देवांगन थीं। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत डोटोपार अजय चतुर्वेदी ने किया।

संचालन आयुश छ.ग शासन के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिए के मार्गदर्शन में ग्राम डोटोपार में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। मेला में समस्त जटिल रोग, स्त्री रोग, बाल रोग का परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद की औषधियों का वितरण किया गया। आयुष स्वास्थ एवं जन जागरूकता शिविर में डॉ. सत्यप्रकाश टिकरिहा, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. शैलेन्द्र स्वर्णकर, डॉ. बलराम अग्रवाल, डॉ. दामिनी सोना, फार्मासिस्ट चुरामन लाल साहू, टेमन साहू, यशवंत साहू, राजेश वर्मा, औशधालय से रोशन चन्द्राकर, किरण साहू, सुरेखा, नेत्र सहायक टिकेश्वर साहू ने सेवा प्रदान की।

■ यात्री ने टिकट का अधिक पैसा लेने का कारण पूछने पर की मारपीट

सेजस विद्यालय दुधली में संस्कृत सप्ताह का समापन

# संस्कृत सबसे प्राचीन और सभी भाषाओं की जननी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सेजस विद्यालय दुधली में 16 से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया । 22 अगस्त को संस्कृत सप्ताह के समापन पर जनभागीदारी के अध्यक्ष देव कुमार देवांगन, सदस्य भूपेन्द्र धनकर, प्रीतम साहू, डॉ. आरके देशमुख, पं. केशव प्रसाद तिवारी व संस्था प्राचार्य डीएन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर सरस्वती वंदना सालिनी देशमुख व साथियों द्वारा एकल गीत, मोना साहू सामूहिक गीत, दीपिका, लेखेश्वरी, यशोदा, पूजा व रीतिमा श्लोक वाचन, राजीव कुमार और उज्ज्वल कुमार सामूहिक नृत्य मोनिका और साथियों द्वारा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित जनभागीदारी के अध्यक्ष देव कुमार देवांगन ने कहा कि संस्कृत ज्ञान की कमी के कारण बच्चों में संस्कार धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। संस्कृत भाषा की अधिक से अधिक स्वाध्याय करने से व्यक्ति के अंदर संस्कार का भाव उत्पन्न होता है, इसलिए हम सबको संस्कृत पुस्तकों व ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए और हमें प्रतिदिन अपने देव का स्मरण करते हुए वैदिक मंत्रों का उच्चारण करना चाहिए । कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. आरके देशमुख ने कहा कि संस्कृत भाषा सबसे प्राचीन भाषा है और सभी भाषाओं की जननी भी है। अर्थात संस्कृत भाषा से ही अन्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, इसलिए हमें संस्कृत भाषा को पढ़ने, समझने व जानने की आवश्यकता है। भाषा से ही व्यक्ति अपने संस्कृति को जानता है, इसके लिए हमें भाषा को पढ़ने की जरुरत है और संस्कृत भाषा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पं. केशव प्रसाद तिवारी ने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन हमें आदर्श मार्ग की ओर ले जाता है, इसलिए संस्कृत भाषा का अध्ययन आवश्यक है। संस्कृत भाषा हमारे देश की प्राचीन भाषा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डीएन यादव ने कहा कि भारत वर्ष में श्रावणी पूर्णिमा पर संस्कृत दिवस मनाया जाता है। श्रावणी पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन मानते हैं। वैदिक साहित्य में इसे श्रावणी पूर्णिमा कहते है। कार्यक्रम में उपस्थित भूपेन्द्र धनकर व प्रीतम साहू ने भी सम्बोधित किया। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार प्रदर्शन संस्कृत व्याख्याता वीर सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में के टांडिया, आर ठाकुर, सी साहू, आरएन राणा, आरएल भोसले एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।




# बस कंडक्टर और सहयोगी की गुंडागर्दी आयी सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बस कंडक्टर और उनके सहयोगी का गुंडागर्दी सामने आयी है। एक यात्री ने बस किराया पांच रुपए अतिरिक्त क्यों ले रहे हो पूछने पर बस कंडक्टर व उसके सहयोगी ने यात्री के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। यही नहीं यात्री को बालोद बस स्टैंड में 40 से 50 लोगों के हाथों पिटवाने की धमकी भी दी। पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली थाना में शिकायत की है। वहीं पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

ग्रान दुधली (मालीघोरी) निवासी खूबलाल भट्ट ने बताया कि 22 अगस्त को सुबह वह अपने नाना रामेश्वर राव के साथ रिस्तेदारी में शोक कार्यक्रम में बस से राजनांदगांव गये थे, कार्यक्रम समाप्ति पश्चात दोनों बस स्टैण्ड राजनांदगांव से सुपर आनंद रोडवेज के बस क्रमांक सीजी 19 एफ 1131 में बैठकर वापस घर आ रहे थे कि शाम करीब 7.30 बजे देवरी पहुंचे थे। इस दौरान बस का कन्डेक्टर द्वारा टिकट का पैसा मांगने पर एक टिकट बालोद का 75 रूपये तथा एक टिकट मालीघोरी का 65 रूपये दिया गया और इस दौरान कंडक्टर को पूछा गया कि सुबह बालोद से राजनांदगांव का 70 रुपए एवं मालीघोरी से राजनांदगांव का 60 रूपये लिये थे, आप दोनों टिकट में 5–5 रूपये अधिक ले रहे हो पूछने पर बस का कन्डेकटर एवं उसका साथी दोनों आक्रोशित हो गये और जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करते हुए कन्डेक्टर के साथी जिसको कन्डेक्टर द्वारा भांजा सलमान बोल रहा था ने मुझे एवं मेरे नाना रामेश्वर राव को हाथ थप्पड से चलती बस में देवरी से आगे मारपीट किया है। मारपीट से मेरे बांये आंख के पास एवं नाना रामेश्वर राव के दाहिने गाल में चोट आयी है। बस का कन्डेक्टर सुरजीत यादव एवं भांजा सलमान जो दाढी रखा है, बालोद निवासी है ने मुझे तथा मेरे नाना को चल बालोद तुझे 40–50 लोगों से पिटवाऊंगा बोलकर बस को बालोद के लिए बढा दिये और दोनों डौण्डीलोहारा में उतर गये। इस पूरे मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों सुरजीत यादव, भांजा ऊर्फ सलमान, पवन साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

■ यात्री ने टिकट का अधिक पैसा लेने का कारण पूछने पर की मारपीट

# विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण नियम व अन्य मांगों को लेकर सीएम के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूजःबालोद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जिला संयोजक जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र हरमुख, वेदप्रकाश साहू और दिलीप साहू के नेतृत्व में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण नियम व आनलाइन अवकाश आवेदन में संशोधन तथा समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों के विभिन्न लंबित मांगो के संबंध में मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा संचालक डीपीआई रायपुर, छत्तीसगढ़ के नाम, कलेक्टर बालोद इंद्रजीत चन्द्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी मरकले के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला बालोद के बड़ी संख्या में शिक्षक गण मौजूद रहे। मोर्चे में सम्मलित चारो संगठन के पदाधिकारी भी सम्मलित रहे। जिला संयोजक जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र हरमुख, वेदप्रकाश साहू व रामकिशोर खरांशु ने बताया कि यह शिक्षक मोर्चा के चरणबद्ध आंदोलन का पहला दिन है। जिसमें कलेक्टर और जिलाशिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

मांग पूरी न होने की दशा में आगे सड़क की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। शासकीय विद्यालयों में लागू 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ कर जबरदस्ती अतिशेष का निर्माण करना शासकीय स्कूलों की पढ़ाई को बर्बाद कर निजी स्कूलों को बढ़ावा देने वाला होगा। एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के पढाई की इस होने वाली दुर्दशा को देखकर व्यथित है।



**जिले में लगा प्लेसमेंट कैंपः** बालोद। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई द्वारा 21 से 23 अगस्त तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि जनपद पंचायत एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में कुल 300 पदों के लिए 195 आवेदक उपस्थित थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास
जवाहरपारा बालोद
मो. 8319268069, 9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:–73544–11411